जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-47 | जयपुर, सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भजन लाल शर्मा ने ली राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ



## दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने ली उप मुख्यमंत्री पद की शपथ

### राज्यपाल कलराज मिश्र ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को रामनिवास बाग में आयोजित भव्य समारोह में भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रदेशभर से पधारे साधु-संतों ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों को आशीर्वाद दिया।



शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितीन गडकरी, केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, सांसद जेपी नड्डा, सी.पी. जोशी, रामचरण बोहरा,अरूण सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं अशोक गहलोत, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, नागालैंड के उप मुख्यमंत्री यानथुंगो पैतन सहित वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित हुए। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित विधायक और अपार जनसमूह उपस्थित था।



शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन का वादन हुआ। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने शपथ ग्रहण से संबंधित कार्यवाही का संचालन किया। बाद में सभी ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का अभिनंदन करते हुए उन्हें बधाई दी।

# संपादक राम गोपाल सैनी को मिला अंतर्राष्ट्रीय एलओएसडी एक्सीलेंस अवार्ड 2023

**लंदन / जयपुर (हमारा वतन)।** लंदन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्किल डेवलपमेंट द्वारा यूनाइटेड किंगडम के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर अंतर्राष्ट्रीय एलओएसडी एक्सीलेंस अवार्ड 2023 का ऑनलाइन आयोजन किया गया ।

इस अवार्ड शो में हमारा वतन के संपादक राम गोपाल सैनी को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर एलओएसडी एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023 में बेस्ट जर्नलिस्ट के अवार्ड से नवाजा गया ।

लंदन आर्गेनाइजेशन ऑफ़ स्किल डेवलपमेंट की डायरेक्टर प्रोफेसर डॉक्टर परीन सोमानी ने सैनी को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं ।




गौरतलब है कि इस अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से पहले भी पत्रकारिता में सकारात्मक उत्कृष्ट कार्य करने पर वर्ष 2022 में चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है । साथ ही बेटी फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2023 में कल्चरल नेशनल अवार्ड, वर्ष 2023 में गोल्ड इवेंट्स जयपुर द्वारा जयपुर चॉइस अवार्ड सहित कई अवार्डों से सम्मानित किया जा चुका है ।

# षष्टम उपनयन संस्कार को लेकर ब्राह्मण समाज राजस्थान की हुई बैठक

**चौमूं (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के द्वारा श्याम मंदिर, श्याम कॉलोनी, स्टेशन रोड, चौमूं पर कागलिया वाले बालाजी मंदिर, मोरिजा रोड, चौमूं में आयोजित होने वाले षष्टम उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार जिला संरक्षक शिक्षाविद सांवरमल शास्त्री के सानिध्य एवं जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई । इस दौरान जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि आचार्य पंडित अरुण कुमार शर्मा व उनकी टीम द्वारा कार्यक्रम को विधिवत संपन्न करवाया जाएगा तथा उपनयन के लिए 25 पंजीयन प्राप्त हो चुके हैं।



पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जनवरी रखी गई है। पदाधिकारीयो को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. बंशीधर शर्मा, प्रचार प्रसार मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, जिला विधि सचिव अजय शर्मा, जिला सलाहकार सत्य प्रकाश पारीक, जिला सदस्य नारायण लाल शर्मा, जिला सदस्य ओमप्रकाश रीडर, चौमूं तहसील सदस्य मुकेश लालानी, चंद्रशेखर शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे ।

## साहित्यकार इकराम राजस्थानी को मिलेगा साहित्य श्री अवार्ड



**जयपुर (हमारा वतन)।** देश ही नहीं विदेश तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले प्रसिद्ध साहित्यकार, उद्घोषक और अनुवादक जयपुर निवासी इकराम राजस्थानी को साहित्य श्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष अनिल लढा और महासचिव समन्वयक रेनू शब्दमुखर ने बताया कि 7 जनवरी 2024 को संपर्क संस्थान के 6 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें इकराम राजस्थानी को साहित्य श्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि इकराम राजस्थानी वर्तमान में पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी जयपुर के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।

## समाज सेवी राघब चन्द्र नाथ को मिला एनवायरनमेंट पीपल वॉरियर ऑफ द ईयर अवार्ड 2023



**असम (हमारा वतन)।** समाज सेवी तथा हर संडे एक पेड़ जरूर लगाना है स्लोगन देने वाले एवं हर संडे एक पेड़ जरूर लगाना है स्लोगन के साथ वृक्ष रोपण शुरू करके विश्व भर से लोगों को इस कार्य में जुड़वाने वाले समाज सेवी राघब चन्द्र नाथ को एनवायरनमेंट पीपल वॉरियर ऑफ द ईयर अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। राघब चन्द्र नाथ को एनवायरनमेंट पीपल वॉरियर ऑफ द ईयर अवार्ड 2023 से उत्तर प्रदेश के र. पीपल मैन फाउंडेशन ने सम्मानित किया।




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# ग्राहकों को लुभा रही खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी, खादी वस्त्रों पर मिल रही 50 प्रतिशत की बम्पर छूट





**जयपुर (हमारा वतन)।** बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा लगाई गयी खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023-24 ग्राहकों को लुभा रही है। क्योंकि खादी हानिकारक रसायन रहित और पर्यावरण हितैषी वस्त्र है। साथ ही खादी आत्मनिर्भर भारत की और एक बढ़ता कदम भी है।

खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रियता बटोर रही है। इन प्रदर्शनियों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है। भारत सरकार कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है।

राजस्थान खादी ग्रामउद्योग संस्था संघ के मंत्री एवं खादी प्रदर्शनी के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 5 दिसंबर से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2024 तक संचालित की जाएगी। यह प्रदर्शनी पिछले 13 वर्षों से निरंतर लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 175 स्टाल लगाई जा रही हैं, जिनमें से 115 स्टॉल खादी व 60 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं। राजस्थान में उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत और पर प्रान्तीय खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत की छूट ग्राहकों को मिल रही है ।



# पंडित रविंद्र आचार्य ने किया समाजसेवी रविन्द्र शर्मा का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने सांगानेर प्रताप नगर निवासी समाजसेवी रविन्द्र शर्मा को माला पहनाकर सम्मानित किया । रविन्द्र शर्मा ने आचार्य का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान आचार्य ने स्वयं द्वारा रचित सार संग्रह ज्योतिष पुस्तक भी भेंट की । इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोपालगढ़, भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह, श्याम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।



# रतनी देवी कच्छावाह की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर संपन्न

**जयपुर (हमारा वतन)।** बनीपार्क धर्मार्थ संस्थान, महर्षि रमण डायग्नोस्टिक सेन्टर, बनीपार्क, जयपुर द्वारा स्वर्गीय रतनी देवी कच्छावाह धर्मपति स्व. लालूराम कच्छवाह की मधुर स्मृति में बीएसबी फाउण्डेशन, स्टेशन रोड, जयपुर के सहयोग से एलोपैथी, हॉम्योपैथी, नेच्यूरोपैथी, फिजियोथैरेपी एवं एक्सप्रेशर चिकित्सा पद्धति से निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर एवं रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक बनीपार्क धर्मार्थ संस्थान बी-5, शिव मार्ग, बनीपार्क, जयपुर में आयोजित किया गया। शिविर में निशुल्क दवाइयां, रुपए 200 तक की जांच निशुल्क की गई एवं कॉल 13 डॉक्टर की टीम ने अपनी सेवाएं दी । बीएसबी फाउण्डेशन के अध्यक्ष पूनमचंद कच्छवाह ने बताया कि फाउण्डेशन जनहित के कार्य करवाता रहता है। फाउंडेशन के सचिव रतनलाल जांगिड़ ने बताया कि चिकित्सा शिविर में 430 व्यक्तियों ने लाभ उठाया एवं रक्तदान शिविर में 53 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया । यह रक्त थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए उपयोग में लिया जाएगा ।

फाउंडेशन के उपाध्यक्ष कमल कच्छावा ने बताया कि रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि यूनुस खान विधायक डीडवाना रहे । उन्होंने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया एवं उनको प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि रवि प्रकाश सैनी पार्षद वार्ड नंबर 37 रहे ।

फाउंडेशन की संयुक्त सचिव प्रार्थना दास ने बताया कि इस अवसर पर बनी पार्क धर्मार्थ संस्थान के अध्यक्ष बजरंग लाल बजाज, सचिव वीरेंद्र परवल, कोषाध्यक्ष अतुल खाखोलिया एवं अन्य ट्रस्टी सदस्य गण मौजूद रहे । फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक रामलाल कच्छावा, संरक्षक धर्मवीर यादव संरक्षक, के. आर. बुनकर , ज्योतिबा फुले संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चंदेल, थैलेसीमिया चिल्ड्रन समिति के अध्यक्ष नरेश अरोड़ा आदि लोगों ने शिरकत की।

# मन फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 186 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित




**जयपुर (हमारा वतन)।** स्व. मनमोहन कुमावत की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर मन फाउंडेशन की ओर से शीश महल गार्डन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जितेंद्र कुमावत ने बताया कि शिविर में चौमूं थाना इंचार्ज प्रदीप शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशीष दुसाद, जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, गोविंदगढ़ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, उप प्रधान कमला चौधरी, बांसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कालूराम जाट ने बतौर अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम आयोजक व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना कुमावत ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। रक्तदान शिविर में 186 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

शिविर में पार्षद गजेंद्र यादव, राहुल शर्मा, संदीप शर्मा, अनिता कुमावत, महामंत्री महेश सेरावत, एडवोकेट सुनिल उप्पल, राजेश बारी, मदनलाल, घनश्याम, राम गोपाल, मुरारी लाल, गोवर्धन, पवन, बसंत कुमावत, शुभम कुमावत, सौरभ कुमावत, छोटी लाल कुमावत, मोहनलाल बारावाल, ओम प्रकाश मामोडिया, रामगोपाल मारवाल, लालचंद आसीवाल सहित सैकड़ो की संख्या मे रक्तदाता मौजूद रहे ।

# समर्पण संस्था के निःशुल्क नेत्र चिकित्सा, लेन्स प्रत्यारोपण शिविर के पोस्टर का हुआ विमोचन



**जयपुर (हमारा वतन)।** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेन्स प्रत्यारोपण शिविर व दानदाता सम्मान समारोह रविवार 24 दिसम्बर को निर्माणाधीन समर्पण आश्रय केयर भवन प्रांगण, प्लाट नम्बर-30, लक्ष्मी विहार प्रथम, फालियावास मोड़ श्रीरामपुरा टीबा, साँभरिया रोड, तहसील बस्सी में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन संस्था पदाधिकारियों ने मीटिंग के दौरान कार्यालय में किया ।

मीटिंग मे संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने बताया कि नेत्र शिविर जयपुर के प्रसिद्ध जयपुर कैलगिरी आई हॉस्पिटल के सहयोग से प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाया जायेगा । जिसमें आँखों की जाँच व चश्मे के नम्बर दिये जायेंगे और आपरेशन वाले मरीजो को कैलगिरी आई हॉस्पिटल ले जाकर ऑपरेशन किया जायेगा। ऑपरेशन के बाद मरीजो को घर पर भी छोड़ा भी जायेगा। शिविर के दौरान एक काउन्टर नेत्रदान का भी लगाया जायेगा। जिसमें स्वेच्छा से नेत्रदान के लिए संकल्प पत्र भरवायें जायेंगे ।

डॉ. माल्या ने बताया कि इसी दिन एक दानदाता सम्मान समारोह भी रखा गया है जिसमें निर्माणाधीन समर्पण आश्रय केयर भवन निर्माण में दान देने वाले दानदाताओं को सम्मानित किया जायेगा। समारोह व नेत्र शिविर में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नीरज डाँगी होंगें तथा अध्यक्षता स्थानीय विधायक लक्ष्मण मीना करेंगें। इसके साथ ही अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया गया है । नेत्र शिविर व समारोह के बाद पोषबडा प्रीतीभोज का आयोजन भी किया जायेगा ।




# प्रदेश स्तरीय पत्रकारिता महोत्सव के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** कस्बे में शक्तिपीठ श्री कुल्लू वाली माता जी मंदिर परिसर में पत्रकारिता महोत्सव 2023 का पोस्टर विमोचन किया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष अमित कुमार जैन, मंदिर पुजारी नाथू राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तोतला, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश रैगर के कर कमलों से विमोचन किया गया।

संयोजक डॉ.लक्ष्मी नारायण सामरिया ने बताया कि पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार भगवान सहाय यादव, बसंत कुमार शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार जगदीश सबल, सागरमल कुमावत, विष्णु जाखोटिया, कमल कुमावत अनेक पत्रकारों सहित राजेश रावत, जसवंत सांखला, हितेंद्र सांखला, संदीप खन्ना, संदीप सांखला ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजस्थान प्रदेश के पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शक्तिपीठ श्री कुल्लू वाली माता मंदिर परिसर में 30 दिसंबर 2023 को आयोजित होगा।

## जॉब्स-

1. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 26146, अंतिम तिथि 28 दिसंबर 2023
2. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या 327, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2023
3. यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पद इंश्योरेंस असिस्टेंट, पद संख्या 300, अंतिम तिथि 6 जनवरी 2024
4. वेस्टर्न सेंट्रल रेलवे जबलपुर, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 3015, अंतिम तिथि 14 जनवरी 2024
5. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद कांस्टेबल स्पोर्ट्स कोटा, पद संख्या 546, अंतिम तिथि 1 जनवरी 2024
6. पटना हाई कोर्ट बिहार, पद जिला जज, पद संख्या 30, अंतिम तिथि 20 जनवरी 2024
7. भारतीय नौसेना, पद चार्जमैन, ट्रेड्समैन मेट व अन्य, पद संख्या 910, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023
8. बैंक ऑफ़ बडौदा, पद सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर, पद संख्या 250, अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2023




# एजाज खान और पवित्रा पुनिया के रिश्ते में आई दरार, दोनों तीन साल से रिलेशनशिप में हैं, पवित्रा से 10 साल बड़े हैं एजाज




साल 2020 में आए बिग बॉस 14 शो में एजाज खान और पवित्रा पुनिया बतौर कंटेस्टेंट नजर आए थे। शो की शुरुआत में दोनों एक दूसरे से नाराज रहते थे, लेकिन कुछ हफ्तों बाद ही दोनों की दोस्ती हो गई थी। एजाज खान और पवित्रा पुनिया की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों को भी खूब पसंद आई थी। हाल ही में अब दोनों के रिश्ते में दरार आने की खबर सुर्खियों में हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार एजाज और पवित्रा का रिश्ता अब तनाव से गुजर रहा है। हालांकि दोनों अभी भी लिव-इन रिलेशनशिप में साथ रहते हैं, और रिश्ता सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। एजाज और पवित्रा ने अपने रिश्ते में आई खटास को लेकर अभी तक कुछ कंफर्म नहीं किया है। बता दें, एजाज खान उम्र में पवित्रा पुनिया से तकरीबन 10 साल बड़े हैं।

**एजाज खान और पवित्रा पुनिया शादी प्लान कर रहे थे**-एजाज और पवित्रा पिछले तीन साल से रिलेशनशिप में हैं। दोनों मालाड में एक साथ लिव-इन में रहते हैं। बता दें, दोनों की मुलाकात बिग बॉस 14 शो के दौरान हुई थी। शो से निकलने के बाद एजाज और पवित्रा पुनिया एक दूसरे के साथ समय बिताते नजर आते थे।इतना ही नहीं बिग बॉस शो के दरमियान एजाज ने पवित्रा से वादा किया था कि वो एक दिन उन्हें अपने अब्बा से जरूर मिलवाएंगे। शो के बाद उन्होंने अपना वादा पूरा किया था। एक इंटरव्यू के दौरान एजाज और पवित्रा ने अपनी रिलेशनशिप के बारे में खुलकर बात की थी और कहा था कि वे इस रिश्ते को अगले लेवल पर ले जाना चाहते हैं।

**एजाज ने पवित्रा को अपने परिवार से मिलाया था**-बिग बॉस शो से बाहर निकलने के बाद से ही पवित्रा पुनिया और एजाज खान अक्सर साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते नजर आते थे। यहां तक कि दोनों राहुल वैद्य और दिशा परमार की शादी में भी साथ पहुंचे थे। एजाज ने अपने भतीजे के जन्मदिन पर भी पवित्रा को अपने परिवार से मिलवाया था। इस खास मुलाकात और डिनर की तस्वीरें सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर करते हुए पवित्रा ने लिखा था- बहुत प्यारे हैं सब। ब्लेस्ड। शुक्रिया खान साहब मुझे अपने परिवार से मिलवाने के लिए। दोनों की जोड़ी को सोशल मीडिया पर #pavi-jaj का नाम दिया गया।

# एनिमल में रणबीर संग बोल्ड सीन्स के बाद विकी कौशल के साथ रोमांस करेंगी तृप्ति डिमरी

फिल्म एनिमल के लिए एक ओर जहां रणबीर कपूर सभी की वाहवाही लूट रहे हैं तो दूसरी ओर बॉबी देओल की भी चर्चा खूब हो रही है। इन दोनों के अलावा एनिमल के बाद तृप्ति डिमरी भी खूब खबरों में हैं। सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स तेजी से बढ़े हैं तो दूसरी ओर उन्हें नेशनल क्रश भी कहा जा रहा है। तृप्ति डिमरी ने एनिमल में रणबीर कपूर संग बोल्ड सीन्स दिए हैं, जिनको लेकर खबरों का बाजार गर्म है। एनिमल के बाद फैन्स उन्हें बड़े पर्दे पर दोबारा देखने के लिए एक्साइटिड हैं और ऐसे में उनके फैन्स के लिए गुड न्यूज है। तृप्ति डिमरी जल्द ही विकी कौशल संग रोमांस करती नजर आएंगी।



**सोशल मीडिया पर विकी-तृप्ति के फोटोज वायरल**-सोशल मीडिया पर तृप्ति डिमरी और विकी कौशल के फोटोज तेजी से वायरल हो रहे हैं। इन तस्वीरों में विकी कौशल और तृप्ति डिमरी रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये उनकी फिल्म मेरे महबूब मेरे सनम के एक गाने के लीक्ड फोटोज हैं। फिल्म के इस हिस्से की शूटिंग क्रोएशिया में हुई है। वहीं इस गाने को फराह खान ने डायरेक्ट किया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म फरवरी 2024 में रिलीज होगी।

**पुराने हैं ये फोटोज**-गौरतलब है कि विकी कौशल और तृप्ति डिमरी की ये तस्वीरें लेटेस्ट नहीं हैं। इससे पहले जून 2022 में भी ये फोटोज वायरल हुए थे। ऐसे में अब जब एनिमल को लेकर तृप्ति खूब वाहवाही लूट रही हैं तो सोशल मीडिया पर एक बार फिर से ये फोटोज वायरल हो रहे हैं। बता दें कि एनिमल में रणबीर संग तृप्ति ने काफी बोल्ड सीन्स दिए हैं। वहीं उनकी मासूमियत पर भी दर्शकों का दिल आ गया है और उन्हें नेशनल क्रश कहा जा रहा है। एनिमल से पहले बुलबुल और कला से तृप्ति क्रिटिक्स से वाहवाही जीत चुकी हैं।



# क्या नवंबर-दिसंबर में आपका भी वजन बढ़ जाता है?

## जानिए इसके लिए जिम्मेदार कारण

सर्दियों का मौसम आते ही आप बढ़ते वजन को लेकर चिंतित हो जाते हैं। लेकिन इस परेशानी को दूर करने के लिए कुछ जरूरी बातों का अभी से ख्याल रखना है जरूरी। कंपकंपाती ठंड और गरम स्वादिष्ट भोजन! यह कॉम्बो लगभग सबको पसंद होगा। लेकिन सर्दियों के महीनों में वजन बढ़ने की चिंता लगातार लगी रहती है। यह आपके पूरे साल के डाइट और एक्सरसाइज को प्रभावित कर सकता है। लेकिन हम आपकी मेहनत को असफल नहीं हों देंगे, क्योंकि हम बता रहें हैं कुछ जरूरी बातें जिनका आपको सर्दियों में ध्यान रखना चाहिए।

**क्यों सर्दियों में बढ़ जाता है वजन?**

हॉर्मोन के स्तर में बदलाव, त्योहारों और छुट्टियों के बाद का स्ट्रेस, शारीरिक गतिविधियों में कमी, आदि आपके विंटर वेट गेन के मुख्य कारण हैं। दिसम्बर-जनवरी का महीने में आप गाजर का हलवा, हॉट चॉकलेट, मीठा, ऑयली फूड, आदि खाने के लिए तैयार रहते हैं। ये हाई कैलोरी से भरे खाद्य पदार्थ आपके वजन को तुरंत बढ़ा देते हैं। दिवाली, क्रिसमस, न्यू ईयर की पार्टियों में भी अपनी क्रेविंग को रोकना कठिन हो जाता है।बिंज इटिंग का यह मौसम स्वाभाविक रूप से आपके बढ़ते वजन का कारण बन जाता है। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन के अनुसार सर्दियों में वजन बढ़ना कोई कल्पना या भ्रम नहीं है। यह वास्तविकता है, जिससे आप सबको बचने की जरूरत है।



**1. फेस्टिवल और पार्टी का अस्वस्थ भोजन**-दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ अपनी हेल्दी डाइट को फॉलो करना मुश्किल हो जाता है। वो भी जब बात पार्टी या गेट-टुगेदर की हो। ऐसे में ऑयली तथा मीठा और अन्य हाई कैलोरी खाद्य पदार्थों को नजरअंदाज करना संभव नहीं होता। सर्दियों में कैलोरी इंटेक बढ़ जाता है, लेकिन आलस और ठंड के कारण इसे बर्न करना मुश्किल हो जाता है। यह आपके बढ़ते वजन का सबसे बड़ा कारण है।

**2. आलस और शारीरिक गतिविधि में कमी**-लगभग पूरी सर्दी कंबल में बैठकर मूवीज और बिंज वॉचिंग करने के बाद आपका शरीर आलसी हो सकता है।

सर्दियों के मौसम में आप आम तौर पर कम सक्रिय होते हैं। जिसके कारण कैलोरी जलने में परेशानी होती है। 2011 के गैलप और हेल्थवेज सर्वेक्षण के अनुसार, दिसंबर में व्यायाम का अभ्यास अपने सबसे निचले स्तर पर आ जाता है। नियोजित व्यायाम के अलावा, सर्दियों के दौरान शारीरिक गतिविधि भी कम हो सकती है। सर्दी में अधिक आलस के कारण लोग मॉर्निंग वॉक, साइकिल चलाना, एक्सरसाइज, आदि गतिविधियां नहीं कर पाते हैं। यहां तक कि काम के बीच में अपने लंच ब्रेक के दौरान बाहर टहलना अधिक कठिन या कम आकर्षक हो सकता है।

# खराब ओरल हाइजीन है कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण

यह प्राइमरी क्लास में सिखा दिया जाता है कि दिन में दो बार ब्रश करना ओरल हाइजीन के लिए जरूरी है। पर क्या आप रात में सोने से पहले ब्रश करते हैं? हां, हम आप ही से पूछ रहे हैं! हम सभी ने अपनी प्राइमरी क्लास में ही बेसिक ओरल हाइजीन के बारे में जान लिया था। साथ ही जब भी आप डॉक्टर के पास जाते हैं, तो डॉक्टर आपको दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह को हर बार दोहराते हैं। पर क्या वाकई आप उनकी सलाह फॉलो कर रहे हैं? कहीं आप भी उन 72 फीसदी लोगों मे तो नहीं, जो रात में सोने से पहले ब्रश करना जरूरी नहीं समझते। या फिर सिर्फ कुल्ला करके काम चला लेते हैं? अगर ऐसा है, तो आप अपने स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा कर रहे हैं।



**ओरल हाइजीन और ब्रश करने की आदत**-आपके मुंह को फ्रेश और दांतों की परेशानियों को दूर रखने के लिए बाजार में कई डेंटल केयर प्रोडक्टस उपलब्ध है। दर्जनों दंत उत्पादों से भरे हुए इस मार्केट में डेंटल फ्लॉस, माउथ स्प्रे, माउथवॉश और ड्रॉप्स शामिल हैं। लेकिन क्या ये प्रोडक्टस सही मायने में आपके दांतों को स्वस्थ और मुंह की बदबू से बचते हैं? चलते-फिरते उत्पादों का उपयोग करने से अच्छा है कि आप दो बार ब्रश करने के महत्व को समझे। आपको यह जानना होगा कि दिन में एक से ज्यादा बार ब्रश करने के क्या फायदे हैं। आपकी उम्र कोई भी हो, दिन में कम से कम दो बार अपने दांतों को ब्रश करना महत्वपूर्ण है। ऐसा करने से काफी फायदे होते हैं। अक्सर दंत चिकित्सक दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह देते है।

**जानिए भारत में कितने लोग करते हैं दो बार ब्रश**-भारत में ओरल हेल्थ के मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि देश में माउथ कैंसर की दर दुनिया में सबसे अधिक है। भारत में विभिन्न प्रकार के दांतो की परेशानी कई कारणों से होती है। इनमें खराब ओरल हाइजीन, तंबाकू का उपयोग और शर्करा युक्त आहार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, भारत में ओरल हेल्थ के महत्व के बारे में जागरूकता की कमी के कारण दंत संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं।

**बच्चों ही नहीं, बड़ों के दांतों में भी है कैविटी** -भारत में, लगभग 85% से 90%वयस्कों और 60% से 80% बच्चों के दांतों में कैविटी होती है। साथ ही, लगभग 30% बच्चों के जबड़े और दांत गलत तरह से संरेखित होते हैं।

# रावण भले धन-धान्य से परिपूर्ण रहा हो मगर उसे ऐश्वर्य संपन्न नहीं माना जाता

आप ऐसा भी कह सकते हैं, कि उसका ऐश्वर्य एक नकली पुष्प की भाँति है। एक ऐसा पुष्प, जो दिखने में तो वास्तविक पुष्प की ही मानिंद है, लेकिन उसके समीप आने पर पता लगता है, कि उसमें न तो सुगंध है, और न ही सच्चा रंग।रावण द्वारा अपने जीवन में ऐश्वर्य व भलाई के क्षेत्र में भी नित नये शिखरों को छुआ हुआ प्रतीत होता है। लेकिन यह सब उन्हीं लोगों को दिखेगा, जो रावण को, रावण की ही दृष्टि से देखते हैं। अगर आप गोस्वामी श्रीतुलसीदास जी के विराट अध्यन से देखना चाहेंगे, तो रावण ऐश्वर्य और भलाई के संदर्भ में भी दरिद्र ही रहा।अगर पहले चर्चा ऐश्वर्य पर की जाये, तो चार सो योजन की सोने की लंका का होना ही अपने आप में प्रमाण है, कि रावण के ऐश्वर्य का कोई सानी नहीं है। सोचिए श्रीराम जी साक्षात भगवान हैं, लेकिन तब भी उनके पास अयोध्या में ऐसा ऐश्वर्य प्रतीत नहीं हो रहा, जो रावण का है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# झूठ फैलाने वाले क्या सच्चाई बताने की हिम्मत दिखाएगें?

भारतीय जीवन बीमा निगम यानि एलआईसी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी बीमा कंपनी बन गयी है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, एलआईसी का रिजर्व 503.7 अरब डॉलर रहा। रिपोर्ट के अनुसार इस सूची में पहले नंबर पर जर्मनी की एलियांज एसई, दूसरे नंबर पर चाइना लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और तीसरे नंबर पर निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी शामिल हैं। एलआईसी इस सूची में


राम गोपाल सैनी

एकमात्र भारतीय कंपनी है।इसके अलावा, भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक के शुद्ध लाभ में 8 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई है। हम आपको बता दें कि इस वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में भारतीय स्टेट बैंक ने 14,330 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की है। आप सोच रहे होंगे कि यह दोनों आंकड़े हम आपको क्यों बता रहे हैं? दरअसल हम यह आंकड़े आपको इसलिए बता रहे हैं क्योंकि विपक्ष ने इस साल की शुरुआत में संसद के बजट सत्र के दौरान मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा था कि सरकार ने एसबीआई और एलआईसी का पैसा उद्योगपति गौतम अडाणी को दे दिया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने आरोप लगाया था कि आम निवेशकों और पॉलिसी धारकों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। इसके लिए कांग्रेस ने देशभर में एलआईसी और एसबीआई कार्यालयों पर मार्च और विरोध प्रदर्शन भी किया था। यहां सवाल यह उठता है कि उस समय एलआईसी, एसबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों द्वारा बार-बार दिये जा रहे स्पष्टीकरण को खारिज करता रहा विपक्ष क्या आज जनता को अर्थव्यवस्था का सच बताने की हिम्मत दिखायेगा? हम आपको यह भी बता दें कि यह विपक्ष के नेता बार-बार ईडी पर जो सवाल उठाते हैं यह उस ईडी की छापेमारियों का ही कमाल है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अपने 15 हजार करोड़ रुपए उन भ्रष्टाचारियों और भगोड़ों से वापिस मिल पाये हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में बताया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन रोकथाम कानून के तहत कार्रवाई करते हुए 15,186.64 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है तथा इनमें से लगभग सभी राशि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को वापस लौटा दी गई है। वित्त मंत्री ने यह भी बताया है कि ऋणों का भुगतान नहीं करने वालों, खासकर जानबूझकर कर ऐसा करने वालों, के खिलाफ विभिन्न कानूनी प्रावधानों के जरिए कार्रवाई की जा रही है और उसके फलस्वरूप, बड़ी मात्रा में धनराशि बैंकों को वापस मिल रही है। यही नहीं, विपक्ष जोकि बार-बार सरकार पर बैंकों को बर्बाद करने का आरोप लगाता है उसे यह आंकड़ा भी देखना चाहिए कि पिछले दो वित्त वर्ष में, वाणिज्यिक बैंकों में गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएपी) खातों की संख्या 2.19 करोड़ से घटकर 2.06 करोड़ हो गई है, जो 6.2 प्रतिशत की कमी स्पष्ट करती है। इसी प्रकार, इस अवधि के दौरान ऐसे खातों का कुल बकाया (सकल एनपीए) 7.41 लाख करोड़ रुपये से घटकर 5.72 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो 22.9 प्रतिशत की गिरावट दिखाता है। यही नहीं, विपक्ष के जो आर्थिक सलाहकार भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 5 से साढ़े पांच प्रतिशत के बीच रहने की भविष्यवाणियां करते फिरते थे वह भी आश्चर्यचकित हैं कि कैसे उनके सभी अनुमान धरे के धरे रह गये हैं और भारत अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर दुनिया में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और उसने पिछली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत दर्ज की है। इसके बाद एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने ऐलान कर दिया कि भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हम आपको बता दें कि भारत वर्तमान में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का भी अनुमान है कि भारत 2027-28 तक 5,000 अरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।इसके अलावा, विपक्षी नेता भले देश की अर्थव्यवस्था के विकास के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण रखते हों लेकिन भारत के करीब 94 प्रतिशत मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) देश के आर्थिक भविष्य को लेकर आशावादी हैं।

# सुबोध पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव वन्दे भारतम् का हुआ भव्य आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** रामबाग स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव वन्दे भारत बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में स्कूल के प्ले फील्ड पर मनाया गया।



कार्यक्रम के प्रारम्भ में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों ने जीवन में हमेशा गतिमान एवं गतिशीलता बनाये रखने से सम्बन्धित एक प्रेरणास्पद प्रस्तुति देकर सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समीर जैन, न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट रहे। सुबोध शिक्षा समिति के मानद सचिव सुमेर सिंह बोथरा, वाईस प्रेसिडेन्ट आर.सी. जैन, संयुक्त सचिव विनोद लोढ़ा, विद्यालय संयोजक राजेन्द्र कुमार जैन राजा एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने परम्परागत तरीके से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर एकेडमिक, कल्चरल, स्पोर्टस एवं वर्षपर्यन्त आलराउन्ड प्रदर्शन करने वाले सीनियर कैटेगरी के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्पोर्टस केटेगरी में सुबोध साहस का पुरस्कार, सुबोध रचनात्मक का पुरस्कार, कल्चरल एचिवमेन्टस पुरस्कार, एकेडमिक्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये सुबोध रत्न का पुरस्कार दिया गया। विद्यालय का सबसे प्रतिष्ठित ऑल राउण्डर का पुरस्कार भी दिया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने स्टूडेन्टस से आग्रह किया की वे जीवन में हमेशा मानवीय मूल्यों को सर्वोच्य प्राथमिकता दे तथा सभी के प्रति सम्मान का भाव रखे ताकि अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकें। रंगारगं सांस्कृतिक कार्यक्रम वन्दे भारत में माँ भारती की वसुधैव कुटुम्बकम एवं विश्व गुरू की छवि की अमिट छाप से रूबरू कराते हुए थीम पर आधारित, ऑडियो विजुअल से ओतप्रोत कार्यक्रम में सर्वप्रथम अफ्रिका, ब्राजील, जापान एवं रूस की संस्कृति के विभिन्न आयामों से अवगत कराया गया जो काबिले तारीफ रहा। पंचतत्व- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश को समेटे हमारे दार्शनिक एवं आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत हमारी संरचना एवं अस्तित्व का प्रदर्शन करते हुए, न केवल हमें हमारे जीवन के प्रति आगाह करते है अपितु सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिये भी प्रेरित करते है। भारतीय सांस्कृतिक एवं आत्मनिर्भरता की भावना को दर्शाता नृत्य जयतु जयतु भारतम् नृत्य हमारी समृद्ध विरासत एव उपलब्धियों के प्रति हमारी अभिव्यक्ति को प्रदर्शित कर रहा था। हम सभी हमारी सफलताओं, जीवन की सुन्दरता के प्रति साझा किये जाने वाले क्षणों को परम्परागत तरीके से संगीत एवं नृत्य के ताने बाने से उमग-उल्लास के साथ हमेशा प्रदर्शित करने को आतुर रहतें है, कि प्रस्तुति ने उपस्थित सभी आगन्तुक अभिभावकों एवं अतिथियों को अपनी-अपनी जगह पर थिरकने को मजबूर कर दिया।

## जयपुर ज्वैलरी शो 2023 अपने 21वें वर्ष में, 22 से 25 दिसंबर तक होगा आयोजन

जयपुर(नि.सं.)। देश का नंबर वन बी2बी एवं बी2सी शो - 'जयपुर ज्वलैरी शो' का आयोजन एमराल्ड... योर स्टोन योर स्टोरी' थीम के साथ जयपुर के सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर (जो पहले जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) था) में 22 से 25 दिसंबर 2023 को होने जा रहा है। जेजेएस दिसंबर शो के रूप में विश्वभर में अपनी खास पहचान बना चुका है, जिसमें शीर्ष जवाहरात कारोबारी अपनी नयी डिजायन और बेहतरीन कारीगरी को प्रदर्शित करते हैं और देश-विदेश के सालाना कलैण्डर में जेजेएस को स्थान दिया जाता है। जेजेएस चेयरमैन, विमल चंद सुराणा ने कहा कि जेजेएस अपनी पूरी भव्यता के साथ दिसंबर में आयोजित किया जा रहा है।



## माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने 67वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

**लखनऊ (हमारा वतन)।** प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज कुर्सी रोड लखनऊ में 67वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारम्भ किया। उनके द्वारा सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया एवं खेल की सद्भावना को बनाए रखने के प्रतीक मशाल को जलाया एवं सतरंगी गुब्बारे आसमान में छोड़े गये।

न्यूज ऑफ इंडिया ( एजेन्सी) के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने विभिन्न प्रदेशों से आये खिलाड़ियों को संबोधित करते हुये कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक रूप से दक्ष होना अनिवार्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इसलिए खेलकूद बच्चों के लिए आवश्यक है। वर्तमान समय में खेल क्षेत्र में बच्चों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध है। खेल में नियमित प्रयास एवं मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होने प्रतियोगिता मे प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि आप प्रतियोगिता मे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर नए कीर्तिमान स्थापित कर भारत का नाम रौशन करें।

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों यथा मणिपुर, त्रिपुरा, केरल, दमन दीव व दादर नागर हवेली, लक्षदीप, उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित 34 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेश/संगठन/सोसाइटीज की टीमों के 423 बालक 434 बालिकाएं 370 कोच/मैनेजर एवं 40 टेक्निकल ऑफिशियल्स सहित 1267 लोग शामिल हो रहे हैं। प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में प्रथम चरण के अन्तर्गत बालक बालिकाओं के 100 मी.दौड़, 600 मी. दौड़, शॉटपुट एवं चक्का फेंक प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसैट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल–बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई – कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा